तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025

12 सोनीपत व खरखौदा में रात को हुई बारिश...


12 शहर में नहीं थम रहा ओवरलोड वाहनों का परिचालन


## उच्चतर शिक्षा विभाग ने ओपन काउंसिलिंग के लिए खोला पोर्टल

# पहले आओ-पहले पाओ पर मिलेगा दाखिला


सोनीपत। हिंदू कालेज में दाखिलों के लिये पहुंचें विद्यार्थी।

- दो चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी कालेजों में सीट खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

महाविद्यालयों में ओपन काउंसिलिंग के तहत दाखिलें किए जा रहे हैं। वीरवार को ही उच्चतर शिक्षा विभाग ने ओपन काउंसिलिंग के लिए पोर्टल खोला था। जिसके बाद दाखिला लेने से वंचित रहे विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली थी। कालेजों में दाखिला लेने के लिए दिन भर विद्यार्थियों की भीड़ लगी रही। नए विद्यार्थियों ने कालेज में पहले अपना पंजीकरण करवाया फिर दस्तावेज सत्यापन करवाकर फीस जमा करवाते हुए अपना दाखिला सुनिश्चित करवाया। कालेज प्रबंधन का कहना है कि ओपन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दाखिला मिलेगा।

उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से कालेजों में दाखिले के लिए 19 मई से 16 जून तक पंजीकरण प्रक्रिया चलाई गई थी। इसके बाद 26 जून को पहली और दो जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। दोनों चरणों की दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी अधिकतर कालेजों में करीब 20 से 30 प्रतिशत सीटों पर ही दाखिले हुए थे। जिसने कालेज प्रबंधन की भी मुश्किलें बढ़ा दी थी। कालेजों में खाली पड़ी सीटें को देखते हुए अब उच्चतर शिक्षा विभाग ने बृहस्पतिवार को पोर्टल फिर खोल दिया है। जिससे दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाते हुए दाखिला ले सकेंगे। पोर्टल खुलते ही कालेजों में दाखिले के लिए भीड़ जुटनी शुरू हो गई है, जिससे कालेज प्रबंधन को भी रिक्त सीटें भरने की आस जगी है। दाखिलों के लिये विद्यार्थियों को 17 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क वहन करना होगा। इसके उपरांत 24 जुलाई तक प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये विलंब शुल्क देना होगा।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में काउंसिलिंग

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में भी काउंसिलिंग शुरू कर दी गई है जोकि 15 जुलाई तक जारी रहेगी। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत में 8 कोर्स में 630 सीटें है। प्रिंसिपल ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियरिंग की मेरिट लिस्ट 8 जुलाई व लेटरल एंट्री स्कीम की मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को जारी हो चुकी है। अब 15 जुलाई तक ओपन काउंसिलिंग के जरिये ही दाखिले किए जाएंगें।

### 17 तक 100 रुपये विलंब शुल्क

उच्चतर शिक्षा विभाग ने कालेजों में रिक्त पड़ी सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसिलिंग शुरू कर दी गई हे। विद्यार्थी 17 जुलाई तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। उसके बाद प्रतिदिन के हिसाब से 100 रुपये अतिरिक्त विलंब शुल्क लगेगा।
-गौरव गर्ग, प्रक्ता, हिंदू महाविद्यालय

## दूसरी मेरिट लिस्ट : सोनीपत आईटीआई में 138 विद्यार्थियों का आया नाम

- जिले भर की 12 आईटीआई में 4536 सीटों के लिए चल रही दाखिला प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। विभिन्न ट्रेड्स के लिये जारी मेरिट लिस्ट में कम ही विद्यार्थियों के नाम आए हैं। उदाहरण के लिये सोनीपत की आईटीआई में दूसरी मेरिट लिस्ट के तहत 138 विद्यार्थियों को सीट आवंटित की गई है। जिन विद्यार्थियों के नाम दूसरी लिस्ट में आए हैं, उन विद्यार्थियों को 15 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा कर दाखिला सुनिश्चित करने का समय दिया गया है।

दूसरी मेरिट सूची में अपना नाम देखने के लिए सुबह से ही संस्थान परिसर और वेबसाइट पर छात्रों की चहल-पहल बनी रही। जो विद्यार्थी इस सूची में चयनित हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द औपचारिकताएं पूरी करने की सलाह दी गई है। बता दें कि जिले के कुल 12 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इस बार 4536 सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया चल रही है।

पिछले माह से चल रही दाखिला प्रक्रिया के तहत सभी आईटीआई में कुल मिलाकर 8806 युवाओं ने दाखिलों के लिये आवेदन किया था। सोनीपत के राठधाना रोड स्थित आईटीआई में नए सत्र के लिए 48 विभिन्न ट्रेडों में कुल 1044 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि दूसरे वर्ष में 516 सीटें तय की गई हैं। इस तरह सत्र 2025-26 के लिए कुल 1560 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया जारी है।


सोनीपत। आईटीआई में दाखिलों के लिये पहुंचें विद्यार्थी।

### पहली लिस्ट में आधे से भी कम ने लिया दाखिला

आईटीआई में जारी दाखिला प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों की रूचि कुछ खास नहीं दिखाई दे रही। जिले भर की आईटीआई में पहली लिस्ट जारी होने के बाद शामिल विद्यार्थियों में से तकरीबन आधों ने ही अपना दाखिला लिया था। उदाहरण के तौर पर सोनीपत आईटीआई में पहली लिस्ट के तहत 419 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई थी, लेकिन तय समय तक इनमें से केवल 182 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया था।

### फीस जमा कराने के लिए कर रहे जागरूक

विद्यार्थियों को बार-बार दस्तावेज सत्यापन और फीस जमा कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है, ताकि सीटें खाली न रहें और योग्य छात्रों को अवसर मिल सके। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी सूची में आया है, उन्हें निर्धारित समय में सभी प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
-विक्रम सिंह, प्राचार्य, आईटीआई, सोनीपत

## शहर में दुकान के बाहर बने चबूतरे पर चलाया बुलडोजर

**गोहाना।** शुक्रवार को नगर परिषद (नप) ने सोनीपत रोड पर दुकान के बाहर बनाए गए अवैध पक्के चबूतरे पर बुलडोजर चलाया। चबूतरे को तोड़ कर वहां पर नाले का काम भी शुरू कराया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे दुकानों के बाहर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण न करें। नगर परिषद द्वारा शहर में सोनीपत रोड के साथ नालों को बंद करके पाइप लाइन बिछाई जा रही थी। यहां पर कई दुकानदारों ने दुकानों के बाहर पक्के निर्माण करवाकर अतिक्रमण कर रखा था। एक दुकानदार द्वारा चबूतरा भी बनाया गया था और कहने के बाद उसने अवैध निर्माण नहीं हटाया। इस पर नगर परिषद के सचिव सुंदर शर्मा के निर्देश पर अवैध चबूतरा तोडने की कार्रवाई की गई। नप के भवन निरीक्षक और अन्य अधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंचे और चबूतरे पर चलवाया। चबूतरे को पूरी तरह से तोड़ दिया गया। सचिव शर्मा ने दुकानदारों से कहा कि वे दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करें।




## संदिग्ध हालत में लटका मिला युवक का शव

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली में संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजन युवक को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। शुक्रवार को पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव बड़ौली निवासी दीपांशु ने बताया कि उसका भाई हिमांशु (19) घर पर रहता था। उसने कुछ दिनों पहले ही 12 वीं की कक्षा पास की थी। बृहस्पतिवार देर शाम व घर से घेर में चला गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटा। परिजन उसे देखने के लिए घेर में चले गए। जहां बने कमरे में हिमांशु फंदे से लटका हुआ मिला।

## दिव्यांग प्रमाण पत्रों के नाम पर 7.97 लाख का गबन, विजिलेंस जांच की मांग

- सोनीपत नागरिक अस्पताल में हुआ गबन, आप नेता ने ईमेल के माध्यम से भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

आम आदमी पार्टी के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने शुक्रवार को विजिलेंस ब्यूरो हरियाणा को एक विस्तृत शिकायत पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजकर सोनीपत नागरिक अस्पताल में वर्ष 2016 से 2020 के बीच दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने में हुए भ्रष्टाचार और वित्तीय गबन की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। देवेन्द्र गौतम द्वारा प्रस्तुत शिकायत के अनुसार एक विभागीय तीन सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि इस अवधि में 7 लाख 97 हजार 200 रुपये की सरकारी राशि का गबन किया गया, जिसमें दो अधिकारियों की सीधी संलिप्तता पाई गई है। जिसमें तत्कालीन अधीक्षक जिसने 3,17,100 रुपये और सहायक डीलिंग जिसने इस दौरान 4,80,100 रुपये का गबन किया हुआ है। शिकायत में देवेन्द्र गौतम ने यह भी बताया गया है कि अधीक्षक ने उक्त राशि तत्कालीन सीएमओ को देने की बात स्वीकार की है, जिससे उनकी भूमिका भी संदिग्ध बनती है।

### देवेंद्र गौतम ने विजिलेंस विभाग से की ये मांग

- इस पूरे प्रकरण की विजिलेंस स्तर पर निष्पक्ष जांच हो।
- दोषियों से वित्तीय रिकवरी व आपराधिक केस दर्ज किया जाए।
- तत्कालीन सहायक डीलिंग जोकि मौजूदा समय में डिप्टी सुपरिटेंडेंट हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए ताकि जांच निष्पक्ष हो सके।
- दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को डिजिटल व पारदर्शी बने।
- भविष्य में ऐसे अधिकारियों की पुनः नियुक्ति या डेपुटेशन पर लगे रोक।

### जांच रिपोर्ट भी भेजी

*देवेन्द्र गौतम ने अपने शिकायत पत्र के साथ 28 पृष्ठों की जांच कमेटी रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति भी भेजी है, जिसमें पूरा वित्तीय घोटाला और जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता का विस्तार से विवरण दिया गया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा यह मामला न केवल विभागीय भ्रष्टाचार का प्रतीक है बल्कि उन दिव्यांगजनों के अधिकारों के हनन का भी, जिन्हें प्रमाण पत्र मिलने में वर्षों तक इंतजार करना पड़ा।*

### आर्य समाज का मासिक वैदिक सत्संग 13 को

**गोहाना।** आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई का मासिक वैदिक सत्संग समारोह 13 जुलाई को आयोजित होगा। समारोह प्रातः 8 बजे हवन के साथ शुरू होगा और 11 बजे तक चलेगा। इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल भनवाला के अनुसार मुख्य वक्ता पानीपत महाविद्यालय से आचार्य प्रो. सुश्रुत शामश्रमी होंगे।

## बारिश बनी मुसीबत : वऑटो चालक के घर की छत गिरी, महिला घायल

**सोनीपत।** बुधवार रात हुई तेज बारिश ने वेस्ट रामनगर में एक गरीब परिवार की परेशानी और बढ़ा दी। बारिश के कारण पानी भरने से ऑटो चालक कृष्ण कुमार के कच्चे मकान की छत वीरवार सुबह अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के वक्त घर की महिला सदस्य शशि देवी पानी निकालने के लिए छत पर गई थीं, जो मलबे के साथ नीचे गिर पड़ीं। इस हादसे में उन्हें हाथ, पांव और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे,


सोनीपत। बारिश की वजह से गिरी मकान की छत।

जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घायल शशि देवी ने बताया कि बुधवार रातभर तेज बारिश होती रही, जिससे छत पर पानी जमा हो गया। जैसे ही वह पानी निकालने गई, अचानक छत टूटकर गिर गई। मकान मालिक और पीड़िता के पति कृष्ण कुमार ने बताया कि वह ऑटो चला कर अपने 11 सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर की हालत पहले ही काफी जर्जर थी, अब छत गिरने से मकान पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता व मकान की मरम्मत के लिए मुआवजा दिया जाए, ताकि उनका परिवार सुरक्षित रह सके।

## एचटेट : जिले में 26 हजार अभ्यर्थियों के लिए बनाए 87 परीक्षा केंद्र, तैयारी पूरी

- 30 और 31 जुलाई को तीन चरणों में होगी परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था
- सीईटी की तिथियों के साथ क्लैश होने के कारण बदली गई हैं एचटेट की तारीखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2024 का आयोजन अब 30 और 31 जुलाई को किया जाएगा। पहले यह परीक्षा 26 व 27 जुलाई को प्रस्तावित थी, लेकिन हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उन्हीं तिथियों को कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) आयोजित किए जाने के कारण बोर्ड ने एचटेट परीक्षा की तिथियों में संशोधन कर नई तिथि घोषित की है। बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) जल्द ही जारी किए जाएंगे। बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सोनीपत जिले में एचटेट के तीनों स्तरों की परीक्षाएं कराने के लिए कुल 87 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। एचटेट परीक्षा तीन चरणों में होगी, जिसमें लेवल 1 के तहत पीआरटी, लेवल 2 के तहत टीजीटी और लेवल 3 के तहत पीजीटी की परीक्षाएं होंगी। लेवल 1 के लिये 21, लेवल 2 के लिये 42 और लेवल 3 की परीक्षा के लिये 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### परीक्षा के लिए तैयारी करेगा प्रशासन

*सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए तैयारियां जल्द शुरू हो जाएंगीं। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर बैठकें भी होंगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारी निरीक्षण भी करेंगे। इसके लिये भिवानी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।*

### तीनों स्तरों की परीक्षाओं में कुल 26,000 अभ्यर्थी

- लेवल-3 (पीजीटी) में 7 हजार 191 अभ्यर्थी
- लेवल-2 (टीजीटी) में 12 हजार 504 अभ्यर्थी
- लेवल-1 (पीआरटी) में 6 हजार 305 अभ्यर्थी

### सुरक्षा और निगरानी के व्यापक प्रबंध

परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर केंद्र पर मेटल डिटेक्टर से जांच, बायोमैट्रिक सत्यापन, और अंगूठे के निशान की रिकॉर्डिंग की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे दस मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सभी प्रक्रियाएं समय पर पूरी की जा सकें। भिवानी बोर्ड मुख्यालय में हाईटेक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से पूरे प्रदेश की परीक्षा की निगरानी की जाएगी। वहीं, जिले में सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा-163 लागू रहेगी और पुलिस बल की तैनाती पहले से कर दी जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।




दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।


दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर , हार्डवेयर , फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन , फिटिंग , हडीक्राफ्ट , गेम्स और ज्वेलरी , लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

### इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, “कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन” अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, “यतो धर्मस्ततो जयः” जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति :** आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव :** छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, “मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।” उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन :** सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य :** सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, “मैं कर सकता हूँ।” अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत :** प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक रेलवे स्टेशन परिसर में यार्ड के पास से रेलवे ट्रैक को क्रॉस कर रहा था। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त के लिए रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। ताकि आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा सके। जानकारी के अनुसार देर रात अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन गुजर रही थी।

### किशोर वशिष्ठ को बनाया जिला मंत्री



**सोनीपत।** भाजपा सोनीपत की नई कार्यकारिणी में किशोर वशिष्ठ को जिला मंत्री बनाया गया है। किशोर वशिष्ठ ने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। किशोर वशिष्ठ ने कहा कि नई कार्यकारिणी पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का प्रचार करेगी।

### नवीन बने भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**खरखौदा।** नवीन कौशिक को भाजपा युवा मोर्चा के फरमाना मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष अशोक ने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली से विचार विमर्श कर उनकी नियुक्ति की है। नियुक्ति पत्र जारी होने के साथ उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। नियुक्ति पर विधायक पवन खरखौदा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया, मंडल अध्यक्ष संजय रोहिल्ला का आभार प्रकट किया। कहा कि पद के अनुरूप वह अपने दायित्व को बखूबी निभाएंगे और पार्टी संगठन की कसौटी पर खरा उतरेंगे।

### ट्रेन में युवती का मोबाइल चोरी, केस

**सोनीपत।** कालका-दिल्ली रेलमार्ग पर नेताजी एक्सप्रेस में सफर कर रही युवती का मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। युवती ने मोबाइल चोरी की शिकायत पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर पुलिस को दी। जहां से जीरो एफआईआर दर्ज होकर शिकायत राजकीय रेलवे पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मोबाइल चोर तक पहुंचने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि जल्द से आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

### उच्चतर शिक्षा विभाग ने दाखिला पोर्टल खोला

**गोहाना।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में रिक्त सीटों को भरने के लिए 10 जुलाई से पोर्टल को पुनः खोल दिया है। अब वंचित छात्राएं दाखिले के लिए आवेदन कर सकेंगी। पोर्टल को पुनः खोले जाने के बाद दाखिला प्रक्रिया को लेकर राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा छात्राओं को आवेदन प्रक्रिया के साथ नई शिक्षा प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

### दो सौ बुजुर्ग को वितरित किए चश्मे

**खरखौदा।** उपमंडल नागरिक अस्पताल खरखौदा में उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत बुजुर्ग लोगों को चश्मे वितरित किए गए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव ने वयोवृद्ध से दीप प्रज्वलित कराके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा विभाग से जुड़े राजेश ने कहा कि आंखों की देखभाल करने के लिए सुबह शाम ताजे पानी से सफाई करनी चाहिए। यदि आंखों में कोई अन्य विकार आ जाए तो चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। मौके पर 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 200 लोगों को चश्मे वितरित किए गए।

---

*एसडीएम ने शिवभक्तों के लिए दिए बेहतर व्यवस्था करने के आदेश*

# कांवड़ियों के रथ की ऊंचाई दस फुट से ज्यादा नहीं होनी चाहिएः प्रवेश कादियान

*किसी भी तरह से कानून व्यवस्था और शांति भंग नही होने दी जाएगी*

यात्रा के दौरान दुकानदार अतिक्रमण न करे, पुलिस व प्रशासन के सहयोग से चलेगा अभियान : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान अधिकारियों, संस्था पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों की बैठक लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक व भाईचारे से सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को एसडीएम प्रवेश कादियान ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों, व्यापारियों व विभिनन सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने बताया कि कावड़ यात्रा 11 से 23 जुलाई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्गों पर व अन्य रास्तों पर पुलिस की डयूटी लगाई गई है और कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस विभाग पूरी तरह से सर्तक रहेगा। किसी भी तरह से कानून व्यवस्था व शांति भंग नही होने दी जाएगी। एसडीएम ने क्षेत्र के कावड़ियों से भी अपील करते हुए कहा कि वे कावड़ यात्रा के दौरान अपना अधार कार्ड या कोई पहचान पत्र जरूर लेकर जाए। झांकी वाले कावड़ियों के रथ की ऊचाई 10 फुट से अधिक नही होनी चाहिए। मोटरसाईकिल पर जाने वाले कावड़ियां अपनी मोटरसाईकिल का साईलेंसर न उतारे ताकि आने जाने में न तो उन्हें और न ही आम जनता को कोई दिक्कत आए। स्वास्थय विभाग को आदेश दिए कि वे कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ियों की सुविधा के लिए दवाई का पूरा प्रबंध रखे। इसके अलावा क्षेत्र की विभिनन सामाजिक संस्थाएं भी कावड़ यात्रा में पूरा सहयोग करे। बैठक में एसीपी मलकीत सिंह, एसएचओ गन्नौर जसपाल, बड़ी युद्धवीर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी, नगर पालिका सचिव प्रदीप खरब,व्यापार मंडल वरिष्ठ उप प्रधान संदीप सिंघल, रोटरी क्लब गन्नौर से मनीष बंसल, फायर ब्रिगेड ऑफिस के विभिन्न कर्मचारी मौजूद थे।

**प्रशासन का सहयोग करे**

बैठक के दौरान एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि वे दुकान के बाहर डस्टबिन जरूर रखे। अपनी दुकान से बाहर यहां तक की नाले के ऊपर भी सामान न रखे, इससे अतिक्रमण को बढ़ावा मिलता है। इसके बाद भी कोई ऐसा करते पाया गया तो उसका चालान करने के साथ कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका भी सोमवार से गन्नौर प्रशासन के सहयोग से लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए।



सोनीपत। शिव मंदिर में सजाया गया शिवलिंग।

**भक्तों के लिए बना सेल्फी पॉइंट**

**सोनीपत।** सावन माह के पहले दिन शुक्रवार को शिव मंदिर नरेंद्र नगर में विशेष भक्ति व उत्साह का वातावरण देखने को मिला। मंदिर परिसर में प्रातःकाल शिवलिंग का विधिवत श्रृंगार किया गया। साथ ही ज्योति तंवर, आरती मिश्रा और पूनम गुप्ता ने रंग-बिरंगी सुंदर रंगोली एवं झांकी सजाकर माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। श्रद्धालुओं के आकर्षण के लिए मंदिर में एक विशेष सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया, जहां भक्तजन भगवान शिव की झांकी के साथ अपनी आस्था को कैमरे में कैद करते नजर आए। शिव मंदिर सुधार समिति के आचार्य मनमोहन मिश्रा एवं सुरेश वत्स ने बताया कि हर सनातन पर्व पर मंदिर में इसी प्रकार की विशेष व्यवस्थाएं की जाती हैं, जिससे समाज में धार्मिक चेतना बनी रहे और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा सके। मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही और भक्ति गीतों व मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते हुए बीपीसएल के अधिकारी साथ में प्रीतम सिवाच एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

## वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का दिया संदेश

- बीपीसीएल द्वारा प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन में वृक्षारोपण वॉशरूम निर्माण की भी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा क्लीनलिनेस एंड हाइजीन प्रोग्राम का आयोजन औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन के घास के मैदान में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 200 युवा खिलाड़ियों (लड़के-लड़कियां) को स्वच्छता किट वितरित की गई और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बीपीसीएल के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अखिल गुप्ता (जीएम, एडमिन, एचआरएस नॉर्थ) ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि बीपीसीएल द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पहले की तरह इस वर्ष भी खिलाड़ियों के लिए स्वच्छता व सुविधा बढ़ाने हेतु नए वॉशरूम का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले बीपीसीएल द्वारा मैदान में हाइजीन किट, स्पोर्ट्स किट और वाटर कूलर भी लगाए जा चुके हैं, जिससे खिलाड़ियों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया गया। कार्यक्रम में बीपीसीएल की ओर से संजय सचदेवा (सेक्रेटरी, एचआरएस हेड नॉर्थ), अजय सरोहा (सीनियर मैनेजर, एचआरएस) व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

वहीं, प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन की ओर से अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रीतम सिवाच, मास्टर प्रेम सिंह दहिया, अनिल डबास, ओलंपियन नेहा गोयल, निशा वारसी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी महिमा चौधरी, कनिका सिवाच, मनीषा, साक्षी राणा (जूनियर इंडिया टीम की कप्तान), निधि, नंदिनी, प्रीति पांचाल और मंजू चौरसिया सहित कई ख्याति प्राप्त खिलाड़ी मौजूद रहे।

## बिजली निगम पर लापरवाही का आरोप

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। अस्पताल में शव लेने पहुंचे मृतक के परिजन व अन्य। फोटो :हरिभूमि

शहर थाना क्षेत्र में दोस्त की शादी समारोह की पार्टी में गए युवक करंट की चपेट में आने से हुई मौत मामले में पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। अस्पताल में शव लेने पहुंचे परिजनों ने बिजली निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

इंद्रा कॉलोनी कालूपुर निवासी राजू ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका बेटा सावन (22) गीता भवन चौक पर स्थित जनरेटर की दुकान पर काम करता था। वह बृहस्पतिवार को दोस्त मंदीप की शादी के उपलक्ष्य में रखी पार्टी में शिरकत करने के लिए दोस्त के घर गया था। जानकारी मिली कि उसके मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह घर की बालकनी में चला गया। बालकनी के पास से गुजर रहे तारों से करंट की चपेट में आ गया। करंट से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घर पर चल रही शादी की पार्टी में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया था।

### अखंड हिंदू स्वाभिमान संगठन ने सौंपा मांगपत्र

**सोनीपत।** अखंड हिंदू स्वाभिमान संगठन की ओर से शुक्रवार को उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शहर में मीट-मांस की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद कराने की मांग की गई। इसके साथ ही संगठन ने मार्ग में स्थित फल, खाद्य पदार्थ की दुकानों एवं रेहड़ी वालों को पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश देने की भी अपील की। संगठन ने ज्ञापन में मांग की कि धार्मिक भावनाओं कांवड़ यात्रा की पवित्रता को ध्यान में रखते प्रशासन उचित दिशा-निर्देश जारी करे, ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। उपायुक्त ने इस ज्ञापन को डीसीपी, सीटीएम व सभी एसडीएम को मार्क कर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अवसर पर संगठन की ओर से चेयरमैन मनीष राय, मीडिया प्रभारी रमेश जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

## गुरु की महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि साथ में पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद और परिवर्तन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गुरु पूर्णिमा पर एक संध्या काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कवियों ने अपनी-अपनी रचनाएं व्यक्त की। पूर्व निर्देशक डॉ. पूरणमल गौड़ बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे, जिन्हें गुरु के रूप में सम्मान दिया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट रामधन शर्मा, सीनियर कवियत्री कमलेश मलिक की अध्यक्षता में संध्या काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर गीता, जितेंद्र, प्रेम, राजेश, सुनीता, अभिषेक गुप्ता, सावित्री गौड़, सरस्वती, राजेंद्र गौतम, प्रदीप गहलावत, नरेश सरोहा, दीपक शर्मा, मधु शर्मा, रवि, सचिन, आशीष आदि मौजूद रहे। इस मौके पर परिवर्तन सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नितीश भारद्वाज ने बताया कि गुरु भगवान के समान होता है और जो व्यक्ति गुरु के चलाए हुए रास्ते पर चलता है वह जीवन में बहुत आगे जाता है। एडवोकेट रामधन शर्मा ने गुरु की बहुत व्याख्या की और कवयित्री कमलेश मलिक ने बहुत सुंदर गुरु वंदना की, नितीश भारद्वाज ने पिता को गुरु स्वरूप कविता सुनाई।

**अमित और हेमलता ने मारी बाजी**

**खरखौदा।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय खरखौदा में शुक्रवार को खंड स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार ने की। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के आदेश पर हुई इस प्रतियोगिता में राजकीय विद्यालयों के अध्यापक, वर्क एजुकेशन इंस्ट्रक्टर तथा परियोजना से जुड़े अध्यापक शामिल हुए। प्रतियोगिता में संगीत, नृत्य, थिएटर व दृश्य कला जैसी श्रेणियों में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में कन्या महाविद्यालय खरखौदा से डा. शालिनी, शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली से डा. योगेंद्र सिंह व मधुलता शामिल रहे। संगीत गायन क्लासिकल श्रेणी में अमित व हेमलता, परंपरागत श्रेणी में अशोक कुमार व श्वेता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में जोगेंद्र कुमार व हेमलता अव्वल रहे। थिएटर में मुक्ता ने, वादन में अमित कुमार और दृश्य कला में अमित कुमार, मुक्ता व नीतू ने पहला स्थान पाया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



सोनीपत। विजेता अध्यापकों सम्मानित करते हुए अधिकारी।



सोनीपत। बच्चे की जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**स्वास्थ्य जांच अभियान जारी**

**सोनीपत** जिले में एनीमिया मुक्त भारत अभियान पूरे जोश के साथ जारी है। इस अभियान के तहत अब तक 16356 लोगों की एनीमिया जांच की जा चुकी है, जिनमें से हाई रिस्क श्रेणी में पाए गए लोगों को रक्त बढ़ाने के लिए दवाई दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी एनीमिया ग्रस्त लोगों का रिकॉर्ड तैयार कर लिया है और उनके स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी रखने की व्यवस्था की गई है। बता दें कि यह विशेष स्वास्थ्य अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम छह लाभार्थी आयु समूहों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जा रहा है, जिनमें 6 से 59 महीने के बच्चे, 5 से 9 वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियां, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं और 15 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं शामिल हैं। अब तक 16356 लोगों की एनीमिया जांच की जा चुकी है। हाई रिस्क श्रेणी में पाए गए लोगों को रक्त बढ़ाने के लिए दवाई दी गई है।

**हिंदी भाषा श्रुतलेख प्रतियोगिता का आयोजन**

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन वमावि में शुक्रवार को हिंदी भाषा श्रुतलेख प्रतियोगिता करवाई गई। विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता की संयुक्त अध्यक्षता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कियाना, सविया व दीक्षांत, कक्षा दूसरी से मानवी, आरव, नव्या व रूद्धी, कक्षा तीसरी से वैभव शर्मा, अक्षित व हर्षिता, कक्षा पांचवीं से युविका मोर, ईशा व मायरा तथा कक्षा पांचवीं से इशिका, गगन व एरिशा विजेता घोषित किए गए। निर्णायक मंडल की भूमिका मनीषा सांगवान, सोनिया शर्मा, वीनू सरोहा, नीलम वर्मा, तनु, प्रियंका गुप्ता, सीमा रानी व प्रीति यादव ने निभाई। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिंदी पर विशेष गर्व होना चाहिए। हमारी बोलचाल की भाषा होने के साथ-साथ विश्व की सबसे प्यारी भाषाओं में से एक है जिसका शुद्ध प्रयोग सभी विद्यार्थियों के लिए समझना आवश्यक है।



गोहाना। प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थी गुरुजनों के साथ।



खरखौदा। मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते बीईओ प्रदीप राठी।

**मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया**

**खरखौदा।** कन्या वमावि खरखौदा का नाम रोशन करने वाली छात्राओं के सम्मान में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खरखौदा के खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रिंसिपल नीलम दलाल और स्टाफ ने उनका स्वागत किया। कन्या वामवि की छात्रा महिमा ने नीट परीक्षा में 720 में से 625 अंक लेकर 521वीं रैंक हासिल की थी। आसमा ने स्टेट वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान लेकर गोल्ड मेडल जीता। मंजू ने 12 वीं कक्षा में 500 में से 453 अंक प्राप्त किए। दीक्षा ने 10वीं में 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। सभी छात्राओं को बीईओ प्रदीप राठी व प्रिंसीपल नीलम दलाल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रदीप राठी ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। प्रत्येक विद्यार्थी को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिमा, आसमा, मंजू और दीक्षा ने मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त की है।

**समस्या** कार चालक को काफी देर तक करनी पड़ी मशक्कत, सड़कों का हो चुका टेंडर

# नागरिक अस्पताल परिसर की सड़क गड्ढों में तब्दील, चालक हो रहे दुःखी

जगह-जगह बारिश का पानी भरने से दिखाई नहीं दे रहे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। गड्ढे में फंसी कार। फोटो :हरिभूमि

जिला नागरिक अस्पताल परिसर के अंदर की सड़कें बदहाल हो चुकी है। परिसर के अंदर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अस्पताल में आने वाले पैदल व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर गया है। जिसके चलते वाहन गड्ढे में फंस रहे है। परिसर के अंदर की सड़कों को बनाने के लिए एक करोड़ से ज्यादा की राशि का टेंडर हो चुका है। जल्द ही सड़कों का कार्य शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत परिसर के अंदर की सड़क बदहाल हालत में पहुंच चुकी है। गेट नंबर-1 की तरफ से पैदल से लेकर वाहन चालकों का निकला मुश्किल हो गया है। शुक्रवार को अस्पताल में उपचार करवाने पहुंचे युवक की कार बारिश के चलते गड्ढे में भरे पानी में फंस गई। चालक को गाड़ी निकालने के लिए काफी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। पीड़ित ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है। बारिश का पानी भरने से वह दिखाई नहीं दे रहे है। बाहर से आने वाले अनजान व्यक्ति को इस बारे में जानकारी नहीं है। किसी ने बताया कि सुबह से कई वाहन इस गड्ढे में फंस चुके है। मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि परिसर की सड़कों को बनाने के लिए टेंडर जारी हो चुका है। सड़कों पर खर्च होने वाली राशि संबंधित विभाग को भेजी जा चुकी है। जब तक गड्ढों में मिट्टी डलवाने का कार्य किया जायेगा। उम्मीद है कि जल्दी संबंधित विभाग कार्य को शुरू करेगा। ताकि मरीजों व वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### हरियाणा महाकुंभ में अपनी गेंदबाजी के गुर दिखाएगा अमन

सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल के नौवीं कक्षा के होनहार छात्र अमन अब हरियाणा महाकुंभ ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी गेंदबाजी से विपक्षी टीम के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ाते नजर आएंगे। अमन का चयन सोनीपत जिले की क्रिकेट टीम में किया गया है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने अमन को चयन की बधाई दी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि हरियाणा महाकुंभ ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट में जिले की टीम का चयन करने के लिए ट्रायल लिए गए थे। 03 जुलाई को खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित ट्रायल में विभिन्न स्कूलों से खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी शानदार खेल प्रतिभा दिखाई।




**सूचना**

मैं, सन्दीप मलिक पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी मकान नंबर 246ए, गांव कारोर, तहसील सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा-124021 बयान करता हूं कि मेरे सभी कागजात आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज व अन्य सभी कागजात में मेरा नाम सन्दीप मलिक दर्ज है लेकिन मेरे पासपोर्ट नंबर M3503005 में मेरा नाम सन्दीप कुमार दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम सन्दीप मलिक है। सन्दीप मलिक व सन्दीप कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल भरवाकर भागने के 2 आरोपी पकड़े

**गोहाना।** पेट्रोल पम्प से गाड़ी में पेट्रोल डलवाकर बिना रुपये दिए गाड़ी भगा ले जाने की घटना में पुलिस ने 2 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतेन्द्र पुत्र आसाराम निवासी गांव पुरखास हाल अनिल विहार, सोनीपत व राकेश पुत्र रणबीर निवासी सुनारियां कलां जिला रोहतक के हैं। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। गोहाना निवासी उत्सव पुत्र सुधीर जीयो बीपी पैट्रोल पम्प का संचालन करते हैं।

### सफाई न होने से गली में जमा हो रहा पानी

**गन्नौर।** शहर के अग्रवाल अस्पताल से जैन स्कूल के पास दीप नगर में मुख्य गली में नालियों की सफाई न किए जाने से नालियों का गंदा पानी कई बार गली में जमा हो जाता है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गलीवासियों ने नगरपालिका से नालियों की सफाई करने की मांग की।

### ई-समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगी काउंसिलिंग

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल ने राष्ट्रीय स्तर के ई-समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने बताया कि इस पोर्टल के उपयोग से प्रवेश प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। पोर्टल के माध्यम से रियल-टाइम में प्रवेश से संबंधित डेटा सभी के लिए दृश्यात्मक है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनती है।

### जजपा किसान सेल के अध्यक्ष ने इनेलो ज्वाइन की

**सोनीपत।** जेजेपी किसान सेल के अध्यक्ष राजेश सरोहा राठधना ने शुक्रवार को गुरुग्राम मे चल रहे इनेलो प्रशिक्षण शिविर में जजपा को छोड़कर इनेलो में शामिल होने की घोषणा की। अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो ज्वाइन करने के बाद राजेश सरोहा ने कहा कि किसान, कमरे की असली हितेषी इनेलो पार्टी ही है।

### हथियारों का प्रदर्शन करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने की घटना मे संलिप्त आरोपित गांव महमूदपुर निवासी राहुल उर्फ लेफ्टी पुत्र सतीश को गिरफ्तार किया है। गत 22 अप्रैल को थाना सदर गोहाना में पुलिस आयुक्त सोनीपत कार्यालय से एक जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इसमें सीएडी शाखा सोनीपत द्वारा जांच में पाया गया कि इंस्टाग्राम आईडी पर हथियारों के साथ व्यक्तिगत तस्वीर पोस्ट की हुई है।

### प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण अनिवार्य

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली व महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्राईवेट प्ले स्कूल चलाने वाले संचालक पंजीकरण करने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करवाएं।

---

#### शुक्रवार को अधिकतर क्षेत्रों में मौसम रहा साफ

# सोनीपत व खरखौदा में रात को और राई में दिन में बरसे बदरा





### कुछ इलाकों में रुक रुक कर वर्षा देखी

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सोनीपत जिले में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश की गतिविधि सीमित रही, लेकिन कुछ इलाकों में रुक-रुक कर वर्षा देखने को मिली। वीरवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात को सोनीपत शहर और खरखौदा में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। वहीं शुक्रवार को राई क्षेत्र में दोपहर के समय 32 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि अन्य क्षेत्रों में मौसम सामान्य बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2-3 दिनों में वर्षा की संभावना बनी हुई है, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है।

वीरवार-शुक्रवार की रात 32 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई, उसके बाद दिनभर मौसम शुष्क बना रहा। खरखौदा में रात के समय 38 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो कि जिले में सर्वाधिक रही। राई क्षेत्र में दिन के समय बारिश हुई, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए मौसम ठंडा हो गया। दूसरी ओर, गन्नौर, गोहाना और खानपुर कलां में पूरे दिन कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई। हालांकि शुक्रवार को दोपहर के समय कुछ देर के लिए आसमान में बादल छाए और हल्की बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन उसके बाद मौसम साफ हो गया। हालांकि अधिक तापमान और उमस की स्थिति नहीं रही, जिससे लोगों को दिन में गर्मी अधिक महसूस नहीं हुई।

#### विभिन्न खंडों में दर्ज वर्षा आंकड़े (मिमी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोनीपत | सुबह 8 बजे तक | 32 | शाम 6 बजे तक | 0 |
| खरखौदा | सुबह 8 बजे तक | 38 | शाम 6 बजे तक | 0 |
| राई | सुबह 8 बजे तक | 0 | शाम 6 बजे तक | 32 |

गन्नौर, गोहाना, खानपुर कलां : कोई वर्षा दर्ज नहीं

#### छह जुलाई तक भारी बरसात की संभावना

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि 16 जुलाई तक दिल्ली व एनसीआर में भारी बरसात के पूर्वानुमान को देखते हुए मौसम विभाग ने एडवाईजरी जारी की है। मौसम विभाग ने जारी एडवाईजरी में कहा कि कपास की खेती करने वाले किसानों को खेतों से अतिरिक्त पानी निकालने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि धान, मक्का, गन्ना, खीरा, आम, लीची तथा चारे की खेती करने वाले किसान सिंचाई, उर्वरक या रासायनिक छिड़काव न करें। खेत में उचित जल निकासी बनाए रखें और बरसात के तुरंत बाद रूके हुए वर्षा जल को निकाल दें।

---

# तीन वर्ष पूरे होने पर नपाध्यक्ष ने गन्नौर में हुए विकास कार्यें का दिया ब्यौरा

■ सरकार द्वारा मनोनित पार्षद सुभाष सरोहा व मनिंदर सन्नी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर



**गन्नौर।** मनोनीत पार्षद सुभाष सरोहा व मनिंदर सन्नी का स्वागत करते नपाध्यक्ष अरुण त्यागी व वार्ड पार्षद।

नगरपालिका का मौजूदा कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी और पार्षदों ने शुक्रवार को शहर में कराए गए विकास कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस मौके पर हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद सुभाष सरोहा व मनिंदर सन्नी का नगर पालिका कार्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि जब उन्होंने वर्ष 2022 में पदभार संभाला था, तब से अब तक गन्नौर के विकास के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में नगर पालिका ने 19 विकास कार्य कराए, जिन पर कुल 3 करोड़ 85 लाख 71 हजार 550 रुपये खर्च किए गए। इसके बाद वर्ष 2024 में 79 विकास कार्यों के लिए 23 करोड़ 48 लाख 79 हजार 493 रुपये की राशि खर्च की गई। वर्तमान वर्ष 2025 में अब तक आठ विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। त्यागी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में नगर पालिका ने कुल 35 करोड़ 28 लाख 84 हजार 818 रुपये की राशि विकास कार्यों पर खर्च की है।

### अलग-अलग स्थानों से किशोरी और युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सदर थाना व कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से किशोरी व युवती के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों ने शिकायत में बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। वहीं सदर थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय लड़की के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। लड़की के परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

### मार्डन पब्लिक स्कूल मे पीले रंग की उपयोगगिता से करवाया अवगत



**गन्नौर।** स्कूल में येलो डे के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूल के छात्र।

**गन्नौर।** शास्त्री नगर मार्डन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को येलो डे मनाया गया। बच्चों ने पीले रंग की खूबियां जानी। बच्चों ने पीले रंग के कपड़े पहनकर, पीले रंग की वस्तुओ को लेकर स्कूल आए और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। मुख्यध्यापिका महक धनखड़ ने स्कूल के बच्चो को बताया कि येलो कलर सनसाइन होप, हैप्पीनेस और एनर्जी का प्रतीक है। बच्चो को खेल-खेल में सेलो कलर के बारे में रोचक व ज्ञानवर्धक जानकारी दी। महक धनखड़ ने पीले रंग की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि सनातन ध र्म में पीले रंग का बड़ा महत्व है। ये रंग जीवन में ऊजी, सभ्यता, संस्कार, समृद्धि एवं मंगल का सूचक है और हमारे जीवन में यह रंग बड़ा ही उपयोगी ह। स्कूल के शिक्षकों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली।

---

# आशा वर्कर्स ने नागरिक अस्पताल में दिया धरना

■ कई महीने से मानदेय का भुगतदान नहीं करने से आर्थिक तंगी से परेशान हैं वर्कर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना



**गोहाना।** धरने पर बैठी हुई आशा वर्कर्स। *फोटो : हरिभूमि*

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की जिला सोनीपत इकाई से जुड़ी वर्कर्स ने शुक्रवार को गोहाना में बरोदा रोड स्थित नागरिक अस्पताल के परिसर में धरना दिया। धरने की अध्यक्षता यूनियन की गोहाना खंड इकाई की अध्यक्ष सविता ने की। संचालन अनीता बुसाना ने किया।

यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की अध्यक्ष सुनीता ने कहा कि आशा वर्कर्स को पिछले कई महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके चलते वे भारी आर्थिक तंगी से गुजर रही हैं। ऐसे में वर्कर्स को अपने घर का गुजारा चलाने में दिक्कत हो रही है। वर्कर्स के मानदेय में कभी भी बिना बताए कटौती भी कर दी जाती है। वर्कर्स को मिलने वाले मानदेय का शीघ्र भुगतान किया जाए। सर्व कर्मचारी संघ की गोहाना खंड इकाई के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंगानुपात सुधार को लेकर आशा वर्कर्स को बार-बार पत्र लिखकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। सीटू की जिला अध्यक्ष अनीता ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। यूनियन ने अस्पताली के एसएमओ को वर्कर्स की सस्याओं बारे अवगत करवाया। राज्य अध्यक्ष सुनीता ने बताया कि आशा वर्कर्स यूनियन ने मजबूरन रेवाड़ी में स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर 4 अगस्त को धरना देकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

### कच्चे क्वार्टर से हटवाया अतिक्रमण

**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर बाजार में नगर निगम व पुलिस विभाग की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। सफाई निरीक्षक कृष्ण कुमार व पुलिस विभाग के उप निरीक्षक जयभगवान के नेतृत्व में यह अभियान चला गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे काफी अतिक्रमण कर रखा था। तभी टीम ने कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को चलाए गए अभियान के दौरान दुकानदारों को अपनी हद में ही सामान रखने की हिदायत दी। कच्चे क्वार्टर बाजार में सड़क 40 फीट की थी, जो अब 24 फीट की रह चुकी है। आए दिन दुकानदार दुकानों के आगे अतिक्रमण कर रहे हैं और दायरा बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण सड़क सिमट कर रह गई हैं।

# 16 से वाटर सप्लाई बंद करने की चेतावनी

■ एचएसवीपी रोहतक के प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत




**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच व हुड़ाजन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों का धरना शुक्रवार को दसवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता महावीर नागर और टीनू मदान ने की, जबकि संचालन समेश कुमार और ध्रुव कुमार ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार, हुड्डा और कौशल रोजगार निगम व एचआरडी के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने के दौरान मंच के प्रतिनिधियों ने रोहतक के एचएसवीपी प्रशासक को ज्ञापन सौंपा, जिसकी प्रतियां कार्यकारी अभियंता सोनीपत व अधीक्षण अभियंता रोहतक को भी सौंपी गईं। प्रदेश महासचिव व यूनियन अध्यक्ष आरके नागर ने आरोप लगाया कि उपमंडल अभियंता, बागवानी विभाग सोनीपत जो पूर्व में कनिष्ठ अभियंता पानीपत रहे हैं, उन्होंने अपने अधीन कार्यरत माली कर्मचारियों को पिछले एक वर्ष से न तो नियमानुसार साबुन दिया है और न ही बारिश के मौसम में बरसाती मुहैया करवाई है। इसको लेकर यूनियन की ओर से उन्हें 15 दिन पूर्व नोटिस भी भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यूनियन ने सोमवार से संबंधित अभियंता का घेराव शुरू करने की घोषणा की है।

---



**गन्नौर।** प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र निदेशक डा. सुनीरा जैन, अमित बत्रा व प्राचार्य के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न सदनों के बीच हुई स्वस्थ नृत्य प्रतियोगिता

**गन्नौर।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल ने एक शानदार हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के दो समूहों में छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं टीम भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र छाबड़ा, उप प्राचार्या दीपमाला ने के मार्गदर्शन में हुई। जिसमें स्कूल के एम.डी. अमित बत्रा एवं डॉ. सुनीरा जैन के आशीर्वाद से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा 6-8 समूह में प्रथम स्थान टाइटन हाउस, द्वितीय स्थान एलीट हाउस,तृतीय स्थान होराइजन हाउस, चतुर्थ स्थान पायनियर हाउस ने प्राप्त किया। कक्षा 9-12 समूह में प्रथम स्थान एलीट हाउस, द्वितीय स्थान टाइटन हाउस, तृतीय स्थान होराइजन हाउस, चतुर्थ स्थान पायनियर हाउस ने प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने विजयी छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को निखारने का संकल्प लिया।

# छात्रों को पकवान बनाने का प्रशिक्षण दिया

■ गोहाना के शेर सिंह पब्लिक स्कूल में कुक विद फायर कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना



**गोहाना।** कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थी अपने प्रशिक्षक अध्यापकों के साथ।

शहर में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कुक विद फायर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को ब्रैड का हलवा, जलेबी, पावभाजी, बर्गर व छोले-भटूरे से सहित अन्य स्वादिष्ट पकवान बनाने का प्रशिक्षण किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की।

स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि इन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में पाक कला विकसित होती है और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। एमडी ने कहा कि भोजन बनाते समय न केवल स्वाद अपितु स्वच्छता का भी ध्यान रखना जरूरी है। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की छात्राएं गितिका, विधि, दीक्षु, रुपल, किरण और पूर्णिमा ने ब्रैड का हलवा, बर्गर और जलेबी, कक्षा 10वीं की छात्राएं ईशिका, हर्षिता, अलीना, धुन, ईशा व दीक्षा ने पावभाजी, छोलू भटूरे, चावल, पूरी और पनीर की सब्जी, कक्षा 11वीं व कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों में प्राची, हिमांशी, गरिमा, तन्नु और नीरज ने टिक्की, पिज्जा व टोस्ट बनाना सीखा। मार्गदर्शन रितु सांगवान का रहा। इस अवसर पर पूजा, सादमा खान, मंजू मान व संगीता अरोड़ा उपस्थित रहे।



**गोहाना।** शिष्य परम्परा को समर्पित पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### गुरु-शिष्य परम्परा का प्रतीक गुरु पूर्णिमा पर्व

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित ईश्वर इंटरनेशनल विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्कृति, ज्ञान और श्रद्धा के संगम बने इस समारोह में गुरु-शिष्य परम्परा की पारंपरिक झलक दिखाई दी। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या उषा कौशिक ने की। मुख्य वक्ता विद्यालय के एमडी अनिल मलिक ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु और शिष्य की पारम्परा का प्रतीक है। यह समारोह आषाढ़ माह की पूर्णिमा के दिन गुरु महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वेद व्यास ने चारों वेदों का संकलन कर मानवता को ज्ञान का मार्ग प्रशस्त किया। यह पर्व आध्यात्मिक गुरुओं की उस शाश्वत परंपरा का सम्मान करता है जिन्होंने पीढ़ियों तक ज्ञान का संरक्षण और हस्तांतरण किया। विद्यालय में इस समारोह में पारंपरिक नृत्य, दोहा उच्चारण और संस्कृत श्लोक पाठ विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

---

#### मिट्टी की उड़ती धूल से दुकानदार परेशान

# शहर में नहीं थम रहा ओवरलोड वाहनों का आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर




**गन्नौर।** शहर की सड़क पर दौड़ रहे मिट्टी से ओवरलोड डंपर। *फोटो : हरिभूमि*

शहर में मिट्टी से ओवरलोड भारी वाहनों का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में 24 घंटे ओवरलोड वाहनों का धड़ल्ले से परिचालन हो रहा है। ओवरलोड डम्फरों में ब्रेकर पर मिट्टी गिरने की शिकायत शहर के लोग विधायक से भी कर चुके है। दकानदारों ने विधायक के दरबार में बताया कि ओवरलोड डम्फरों से गिरी मिट्टी की उड़ती धूंल से वे बेहद परेशान है। उनकी दुकानदारी भी प्रभावित होती है। उनका कहना कि जिम्मेदार भी आंख बंद किए हुए है। ओवरलोड वाहन आसानी से खुबडू रोड से रेलवे रोड के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी में जाते हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होन से वाहन मालिक बिना किसी डर के वाहनों का परिचालन कर रहे हैं। लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी के लिए डाली जा रही मिट्टी स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ओवरलोड डंपरों से लगातार मिट्टी सड़कों पर गिर रही है। मिट्टी को ढकने के लिए डंपरों पर तिरपाल भी नहीं लगाई जा रही है।

#### विधायक से कर चुके हैं शिकायत

ओवरलोड डम्फरों में डाली गई मिट्टी जगह-जगह पर सड़क पर गिर जाती है और उनसे उड़ती धुंल से दुकानदार परेशान है। वे विधायक को भी शिकायत कर चुके है कि इन ओवरलोड डम्फरों पर लगाम लगाई जाए।

#### डंपर को बाहर से जाने के आदेशः एसएचओ

थाना प्रभारी जसपाल ने बताया कि उन्होंने डम्फर चालकों को जी टी रोड पर जाने के लिए शहर के देवीलाल चौक से बादशाही रोड होकर जीटी रोड पर जाने के आदेश दिए है ताकि देवीलाल चौक से जी टी रोड पर लोगों को परेशानी न हो। इसके अलावा उन्हें अंडरलोड चलने व मिट्टी पर तिरपाल लगाने के आदेश दिए है। इसके बाद भी नही मानते तो उनके चालान करवाए जाएंगे। शहर के अन्दर से जाते है तो पुलिस को शिकायत दे।

# पर्यावरण प्रदूषण को लेकर किया जागरूक

■ हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर




**गन्नौर।** जनसंख्या के दुष्प्रभावों को कविता वाचन व भाषण के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस को बड़े उत्साह से मनाया गया। विद्यार्थियों ने बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों को कविता वाचन व भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं जैसे बेरोजगारी, जल संकट, आवास की कमी, शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण प्रदूषण आदि समस्याओं को लघु नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह दिवस जनसंख्या वृद्धि के कारण सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देशों से मनाया जाता है। स्कूल की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है यदि आज हम जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं करते तो कल संसाधनों की कमी के कारण मानव जीवन संकट में पड़ जाएगा।